Bharat Temples

मेरे सरकार का दीदार बड़ा प्यारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है।।

तेरे नैना कटीले, मोटे मोटे रसीले,
तेरे नैना कटीले, मोटे मोटे रसीले,
दिल को छीन लिया, तेरी प्यारी हँसी ने,
दिल को छीन लिया, तेरी प्यारी हँसी ने,
प्यारी अंखियों में लगा कजरा बड़ा प्यारा है,
प्यारी अंखियों में लगा कजरा बड़ा प्यारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है।।

लटों ने लूट लिया, जिगर घायल ये किया,
लटों ने लूट लिया, जिगर घायल ये किया,
तेरी प्यारी अदा ने, मुझे बेचैन किया,
तेरी प्यारी अदा ने, मुझे बेचैन किया,
मेरे सीने में तेरा दर्द बड़ा प्यारा है,
मेरे सीने में तेरा दर्द बड़ा प्यारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है।।

ओ मेरे श्याम पिया, तेरे बिन तड़पे जिया,
ओ मेरे श्याम पिया, तेरे बिन तड़पे जिया,

प्रेम तुम से ही किया, तूने क्या जादू किया,
प्रेम तुम से ही किया, तूने क्या जादू किया,
तेरी यादों में थिरके अंग मेरा सारा है,
तेरी यादों में थिरके अंग मेरा सारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है।।

मेरे सरकार का दीदार बड़ा प्यारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है,
कृष्ण मेरा प्यारा गोविन्द बड़ा प्यारा है।।

स्वर धीरज बावरा जी।

Source: https://www.bharattemples.com/mere-sarkar-ka-didar-bada-pyara-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw